एक नजर में

आज पाथाखेड़ा में लगेगा जनकल्याण शिविर

सारनी। आम नागरिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया इसके तहत पाथाखेड़ा के वार्ड 19 स्थित उप क्षेत्रीय नगर पालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन सोमवार 15 जून को प्रात: 10.30 बजे से किया है। इसमें वार्ड 14 से वार्ड 29 तक के हितग्राही शामिल हो सकते हैं। इसी तरह शोभापुर के जैरी चौक पर उक्त शिविर मंगलवार 16 जून को आयोजित किया जाएगा। इसमें वार्ड 30 से 36 तक के हितग्राही शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को सारनी के शिवाजी प्रांगण में आयोजित शिविर में कुल 108 आवेदन आये इनमें से 47 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष का निराकरण किया जा रहा है।

बेरोजगारों के लिए शुरू पंजीयन अभियान

सारनी। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, जिला बैतूल ने सारनी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पहल शुरू की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार बौरासी ने बताया कि सारनी क्षेत्र में नए यूनिट का कार्य प्रारंभ होने के बाद बीएचईएल एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कुशल, अर्धकुशल तथा अन्य श्रेणी के कर्मचारियों की आवश्यकता बढ़ने की संभावना है। संगठन ने दावा किया है कि वह संबंधित कंपनियों से लगातार संपर्क कर स्थानीय एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए चर्चा करेगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से बायोडाटा, आधार कार्ड की छायाप्रति, वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो दो सेट में जमा कराने की अपील की गई है। संगठन के अनुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर अभ्यर्थियों का डाटा संबंधित कंपनियों को उपलब्ध कराया जाएगा तथा रोजगार दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। युवाओं से जून माह के भीतर अपने दस्तावेज संगठन कार्यालय, क्वार्टर नंबर ओल्ड ई-23, शॉपिंग सेंटर, सारनी में जमा कराने को कहा गया है। रोजगार पंजीयन अभियान के संबंध में सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर-बगडोना एवं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को संपर्क सूत्र बनाया गया है, बैतूल जिले के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति कर अपने दस्तावेज जमा कर सकता है ताकि अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को इस पहल का लाभ मिल सके और बैतूल जिले के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति संगठन से संपर्क कर सकता है।

प्रणय वराठे बने फ्लाइंग ऑफिसर

बैतूल। जिले के होनहार युवा प्रणय वराठे का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उन्होंने एएफसीएटी 2025-26 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 132वीं रैंक हासिल कर यह उपलब्धि प्राप्त की। प्रणय ने लिखित परीक्षा, एयर फोर्स सलेक्शन बोर्ड इंटरव्यू, कंप्यूटराइज्ड पायलट सलेक्शन सिस्टम तथा मेडिकल परीक्षण सहित सभी चयन चरण प्रथम प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए। प्रणय जर्नलिस्ट नीता वराठे एवं खेल प्रशिक्षक कैलाश वराठे के पुत्र हैं। बचपन से ही शिक्षा, खेल और नेतृत्व क्षमता में उनकी विशेष रुचि रही है। देशसेवा के प्रति समर्पण और लगातार मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

सोयाबीन से मोहभंग हुआ, मक्का की तरफ किसानों का बढ़ा रुझान

नवभारत न्यूज

बैतूल, 14 जून. कृषि विभाग ने खरीफ का रकबा तय कर दिया है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल जिले में 4 लाख 56 हजार 050 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई की जायेगी।

जिले में 540 हेक्टेयर बढ़ा खरीफ का रकबा

साल-दर-साल बढ़ रहा मक्का का रकबा

पिछले साल जिले में 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी, जबकि इस साल विभाग द्वारा जो रकबा निर्धारित किया गया है, उसमें 540 हेक्टेयर की बढोत्तरी की है। विभाग ने इस वर्ष जिले में मक्का की बोवनी का लक्ष्य 3 लाख 1 हजार 500 हेक्टेयर निर्धारित किया है, जबकि सोयाबीन का लक्ष्य मात्र 95 हजार हेक्टेयर रखा है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले में मक्का का रकबा 3 लाख 93 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2026 में बढकर 3 लाख 1 हजार 500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य तय किया है। वहीं सोयाबीन का रकबा 93 हजार 846 हेक्टेयर से बढ़ाकर 95 हजार हेक्टेयर प्रस्तावित किया है। बता दे कि खरीफ फसल की बुआई के लिए किसानों ने खेत बनाना शुरू कर दिया है। कहीं-कहीं भी किसानों ने बुआई के लिए खेतों को तैयार करने और खाद-बीज की व्यवस्था भी कर ली है। अब किसान बारिश का इंतजार कर रहे है कि जैसे ही मानसून सक्रिय होगा, वह बुआई कार्य प्रारंभ कर देगे। किसानों का कहना है कि अभी से योजना बना रहे है कि कितने हेक्टेयर में कौन सी फसल की बुआई करे।

सोयाबीन की तुलना में तीन गुना बढ़ा मक्का का रकबा : मक्का का क्षेत्रफल सोयाबीन की तुलना में तीन गुना अधिक है। जिले में मक्का का रकबा सोयाबीन से लगभग 2 लाख 6 हजार 500 हेक्टेयर अधिक है।

> इस साल खरीफ सीजन के रकबे में 540 हेक्टेयर की बढोत्तरी की है। यह सही है कि अब किसान सोयाबीन के स्थान पर मक्का को ज्यादा महत्व देने लगे है। जिसके कारण मक्के का रकबा साल दर साल बढ़ रहा है।
>
> **- सरेन्द्र पराते,** एडीए, कृषि विभाग, बैतूल

इन फसलों का बढ़ा रकबा

जिले में जहां खरीफ सीजन की कुछ फसलों का रकबा बढ़ाया है, वहीं कुछ फसलों का रकबा कम भी किया है। इस साल धान का रकबा 42.872 से बढ़ाकर 44.000 कर दिया है, वहीं कोदोकुटकी का रकबा पिछले साल 0.639 हेक्टेयर था, वहीं इस साल कोटोकुटकी का रकबा बढ़ाकर 1.000 हेक्टेयर किया है। इसी प्रकार उड़द, मूंग, योग दलहन, तिल, रामतिल, मूंगफली, सोयाबीन, तिलहन, कपास का रकबा बढ़ाया है, वहीं ज्वार के रकबे में कमी की है। ज्वार का रकबा पिछले साल 5.234 हेक्टेयर था, इस साल 1.500 हेक्टेयर कर दिया है। कुल मिलाकर इस साल कृषि विभाग ने 540 हेक्टेयर रकबे में बढ़ोत्तरी की है।

किसानों का सोयाबीन से इसलिए हुआ मोहभंग

जानकारों के मुताबिक एक समय बैतूल जिले की पहचान सोयाबीन उत्पादक क्षेत्र के रूप में होती थी। पिछले कुछ वर्षों में अनियमित बारिश, अतिवृष्टि, जलभराव, सूखे की स्थिति और विभिन्न कीट एवं रोगों के बढ़ते प्रकोप ने किसानों को आर्थिक रूप से प्रभावित किया। लगातार नुकसान झेलने के बाद किसानों ने धीरे-धीरे फसल चक्र में बदलाव करना शुरू किया और मक्का की ओर रुख किया। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि मक्का की लोकप्रियता बढने के पीछे कई व्यावहारिक कारण हैं। मक्का की फसल सोयाबीन की तुलना में जलजमाव और सूखे जैसी परिस्थितियों को बेहतर तरीके से सहन कर लेती है। इसके अलावा इसमें रोगों का प्रकोप अपेक्षाकृत कम होता है, जिससे कीटनाशकों का खर्च घटता है। मक्का की मांग लगातार बनी रहने से किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की संभावना भी रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि मक्का की प्रति एकड़ उत्पादकता सोयाबीन की तुलना में अधिक होती है।

पुलिस विभाग में 64 अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले

बैतूल। जिले में पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत जिले के 64 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया है। सभी स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी तबादला आदेश के अनुसार, स्थानांतरित कर्मचारियों में 6 सहायक उप निरीक्षक (एएसआई), 22 प्रधान आरक्षक एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक, 5 महिला आरक्षक

और 31 आरक्षक शामिल हैं। इन्हें जिले के विभिन्न थानों और इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में कोतवाली, गंज, आमला, मुलताई, भैंसदेही, शाहपुर, रानीपुर, चिचोली, सांईखेड़ा, झल्लार और बोरदेही सहित जिले के अधिकांश थाने शामिल हैं। पुलिस विभाग के अनुसार, कई कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से संवेदनशील थानों में पदस्थ किया गया है। आदेश के तहत सहायक उप निरीक्षक अरुण यादव को कोतवाली से झल्लार, मूलचंद अनंत को आमला से भैंसदेही, सुरेश कुमार चौधरी को कोतवाली से बोरदेही और विजय कुमार जोठे को मुलताई से चोपना भेजा गया है। वहीं दीपक कुमार मालवीय को रानीपुर से पुलिस लाइन तथा कमलसिंह मेहर को बोरदेही से आमला थाना में पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद दें तथा आमद-रवानगी की सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

विश्व रक्तदाता दिवस पर निकली जागरुकता रैली

बैतूल। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय बैतूल द्वारा रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष कार्यक्रम को जिला मुख्यालय तक सीमित न रखते हुए ब्लॉक स्तर पर भी विस्तार दिया गया, जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में जागरूकता रैली एवं स्वैच्छिक रक्तदान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया तथा रक्त की

आवश्यकता वाले मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की पांच सक्रिय रक्तदान समितियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समितियों द्वारा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने स्वैच्छिक रक्तदान करने और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

शिवसेना का आरोप : नपा की पेयजल व्यवस्था बदहाल

बैतूल। शिवसेना के प्रदेश सचिव विजेंद्र गोले ने नगर पालिका द्वारा संचालित पेयजल सप्लाई व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शहर में जल प्रबंधन के लिए लगाया गया एससीएडीए सिस्टम, जो टंकियों में पानी भरने से लेकर जल की आवक-जावक और वितरण व्यवस्था की निगरानी करता था, पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। इसके चलते जलापूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है और सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विजेंद्र गोले ने आरोप लगाया कि जल गुणवत्ता की जांच के लिए लगाए गए क्लोरीन, पीएच और टर्बिडिटी मीटर जैसे महत्वपूर्ण उपकरण भी लंबे समय से बंद हैं। इन उपकरणों के निष्क्रिय रहने से पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं हो पा रही है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। वर्षों से बंद पड़े सिस्टम को सुधारने या पुन: शुरू करने के लिए कोई ठोस प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है। विजेंद्र गोले ने कहा कि यदि समय रहते बंद पड़े सिस्टम और जल गुणवत्ता जांच उपकरणों को चालू नहीं किया गया तो जल संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

लीलादेव बाबा मंदिर में 12 स्कंधों का वाचन

बैतूल। अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर श्री लीला देव बाबा मंदिर ट्रस्ट द्वारा 17 मई से मंदिर परिसर में एक माह का श्रीमद्भागवत महापुराण पारायण, नित्य पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, कलश पूजन एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। प्रथम दिवस मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति और युवाओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीहरि विष्णु का विधिवत पूजन, अभिषेक, आरती तथा श्रीमद्भागवत महापुराण का पारायण कराया गया। कथा एवं पारायण का संचालन पंडित नरेन्द्र दुबे के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने भागवत महापुराण के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संदेशों का सरल और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया, जिससे श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के प्रति प्रेरणा मिली। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत महापुराण के संपूर्ण पाठ का श्रवण और पारायण कराना था। इस दौरान भागवत के 12 स्कंधों, 365 अध्यायों तथा लगभग 18 हजार श्लोकों के सार का विधिवत वाचन और व्याख्यान किया गया। प्रतिदिन करीब दो घंटे तक चलने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 20 यजमान परिवारों ने सहभागिता कर सामूहिक पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय योगदान दिया। श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तियोग, कर्मयोग, धर्म स्थापना तथा मानव जीवन के आदर्श मूल्यों की जानकारी दी गई। साथ ही पुरुषोत्तम मास को आत्मचिंतन, जप, तप, दान और ईश्वर भक्ति का श्रेष्ठ अवसर बताया गया। श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वादश स्कंध का वाचन पूर्ण होने पर विशेष पूजन, महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया।

राष्ट्रपति के बैतूल प्रवास के दौरान ड्रोन और यूएवी उड़ाने पर प्रतिबंध

बैतूल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 18 जून को प्रस्तावित बैतूल प्रवास के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के प्रवास कार्यक्रम के दौरान लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागृति द्वारा जनजातीय समाज का सशक्तिकरण कार्यक्रम सहित अन्य निर्धारित स्थलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार के यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं ड्रोन के उड़ान संचालन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत 18 जून 2026 को प्रात: 6 बजे से अपराह्न 6 बजे तक बैतूल अनुविभाग क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन द्वारा ड्रोन, यूएवी अथवा अन्य उड़ने वाले उपकरणों का संचालन नहीं किया जा सकेगा। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एहतियातन लागू किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करते हुए ड्रोन या यूएवी का संचालन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उपजेल मुलताई में 100 कैदियों को कराया योग

मुलताई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के उपजेल में बंद बंदियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था। यहां पर जिला आयुष अधिकारी योगेश चौकीकर और जेल अधीक्षक की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया गया। एचडब्लूसी के योग ट्रेनर सुसंद्रा की रागिनी शिवहरे और साईखेड़ा के सुनील नाडेकर ने करीब 100 कैदियों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और सरल

योगासन सिखाए। योग सत्र के दौरान कैदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्र के बाद मानसिक सुकून महसूस किया इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी योगेश चौकीकर ने कहा योग केवल शरीर ही नहीं, मन को भी स्वस्थ रखता है। जेल जैसे संवेदनशील स्थानों पर योग से कैदियों में अनुशासन, आत्मसंयम और सकारात्मक सोच का विकास होता है। जेलर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से कैदियों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। आगे भी नियमित योग सत्र आयोजित करने की योजना है।

खुलासा : सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। चंद्रशेखर वार्ड निवासी विजय सिंह तोमर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को वे अपने घर में ताला लगाकर बहन के यहां गए थे। रात करीब 1 बजे लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। घर की अलमारी से सोने-चांदी के

जेवर, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी एक अटैची चोरी हो गई थी। इस संबंध में कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने संदिग्ध प्रवीण उर्फ अन्ना लांजीवार और कासिफ उर्फ सोहेल खान को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की बिछिया और एक जोड़ी चांदी की पैरपट्टी बरामद की है। बरामद जेवरों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण उर्फ अन्ना लांजीवार (27) निवासी बगीचा कॉलोनी, मंडीदीप, जिला रायसेन और कासिफ उर्फ सोहेल खान (30) निवासी सतलापुर, मंडीदीप, जिला रायसेन के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक अरुण यादव, प्रधान राहुल और उज्जवल दुबे की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गिरफ्तारी तमिलनाडु से पकडाए, मुख्य आरोपी अब भी चल रहा फरार

रेल यात्री हत्याकांड में जीआरपी ने तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। छिंदवाड़ा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन में सीट विवाद के बाद युवक अली खान की हत्या के मामले में जीआरपी ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को तमिलनाडु के डिंडीगुल क्षेत्र से पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है।

इस मामले में अब तक कुल सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, लेकिन मुख्य आरोपी सागर धुर्वे अभी भी फरार है। घटना 1 जून की रात की है, जब छिंदवाड़ा निवासी अली खान अपने दोस्तों के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। परासिया स्टेशन के पास ट्रेन में सीट को लेकर अली खान और बोरदेही निवासी सागर धुर्वे के बीच विवाद हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद शांत हो गया था, लेकिन आरोप है कि सागर धुर्वे ने अपने साथियों को बोरदेही स्टेशन पर बुला लिया था। ट्रेन के बोरदेही स्टेशन पहुंचते ही अली खान को नीचे उतारकर उसके साथ सामूहिक मारपीट की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन स्टेशन परिसर में शव मिलने के बाद जीआरपी आमला ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। फरार आरोपियों की तलाश के लिए जीआरपी ने साइबर सेल, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र का सहारा लिया। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ आरोपी तमिलनाडु में छिपे हुए हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम डिंडीगुल पहुंची और कमलेश उइके उर्फ बाबा रामदेव (21), अंकुश कोराई (22) तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए लकड़ी के डंडे भी बरामद किए हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले का मुख्य आरोपी सागर धुर्वे अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का मानना है कि उसकी गिरफ्तारी से घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो लोग घायल

बैतूल। झल्लार थाना क्षेत्र के गोरेगांव नादरा रोड पर दो बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, भादूगांव निवासी सुरेश पांसे (42) अपने गांव से बाइक से खाद लेने भैंसदेही जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर गोरेगांव निवासी राहुल पाल (22) और कार्तिक तंडीलकर (22) सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेश पांसे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दिनदहाड़े हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

पाथाखेड़ा। बगडोना क्षेत्र स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार दोपहर हुई चोरी की घटना ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। बताया जा रहा है कि दो अज्ञात युवक पूजा-अर्चना करने के बहाने मंदिर में दाखिल हुए और मौका पाकर हनुमान जी की प्रतिमा पर विराजित चांदी का मुकुट चोरी कर फरार हो गए। घटना उस समय सामने आई जब आसपास के लोग मंदिर पहुंचे और मुकुट गायब देखा। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना को लेकर बागडोना क्षेत्र में दहशत और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में यह दूसरी बड़ी चोरी की वारदात है। इससे पहले भी चोर हनुमान जी की

प्रतिमा से चांदी की आंख निकालकर ले जा चुके हैं, लेकिन आरोपियों पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बगडोना व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश नायर ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बन गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों की निगरानी करने तथा मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। लगातार दूसरी बार मंदिर में चोरी की घटना ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।